इच्छाशक्ति के दम पर दी कोरोना को मात : नगर आयुक्त

शाहजहांपर (एसएनबी)। वह दिन आज भी याद है, जब शरीर बुखार से तप रहा था । कोविड की जांच कराने के बाद रिपोर्ट पॉजीटिव आई। एल-वन अस्पताल में दस दिन तक रहने के बावजूद कोविड को अपने ऊपर हावी नही होने दिया। थोड़ा आराम मिलने के बाद नगर निगम के सारे कार्य अस्पताल से निपटाएं। इच्छा शक्ति के दम पर कोरोना को आसानी से मात दी जा सकती है। यह कहना है नगर आयक्त संतोष शर्मा का। वह भी पिछ्ले साल पहली लहर में कोविड की बीमारी से पीड़ित हो गए थे। संतोष शर्मा ने बताया कि उन्हें एल-वन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तीन दिन में बुखार उतर गया था, पर पूरी तरह से स्वस्थ्य नही थे। नियमित दवाई, योगा और सांस की एक्साइज करने से काफी ज्यादा राहत मिली। थोड़ा आराम मिलने के बाद अस्पताल से ही नगर निगम के कार्यो को वर्चुअल निपटाने का सिलसिला शुरू कर दिया था। नगर आयक्त ने बताया कि कोविड से लड़ने में इच्छा शक्ति का काफी ज्यादा योगदान है। किसी भी दशा में बिल पॉवर कम नही होना चाहिए। यह ऐसी बीमारी नही है, जो ठीक नही हो सकती है। नियमित दवाई और कोविड के प्रोटोकाल का पालन कर आसानी से इंसान पहले की तरह हो सकता है।



नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा।